प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक **15-03-2025** को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

1-थाना कटघर पुलिस ने षड़यन्त्र रचकर रंगदारी मांगने के आरोपी को किया गिरफ्तार-

अवगत कराना है कि दिनांक 12.03.2025 को वादी शकील अहमद पुत्र आले नबी निवासी मौहल्ला गढी, ग्राम रूस्तम नगर सहसपुर, थाना बिलारी, जिला मुरादाबाद ने अभियुक्त द्वारा षड़यत्र रचकर रंगदारी मांगने के सम्बन्ध में थाना कटघर पर तहरीर देकर मु0अ0सं0-142/2025 धारा-61(2)/308(6) बीएनएस पंजीकृत कराया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में थाना कटघर पुलिस द्वारा अभियुक्त दानिश खान पुत्र शरफराज अहमद निवासी मौहल्ला हाफिज बन्ने की पुलिया, थाना मुगलपुरा, जिला मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया, अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

गिरफ्तार अभियुक्तः-

दानिश खान पुत्र शरफराज अहमद निवासी मौहल्ला हाफिज बन्ने की पुलिया, थाना मुगलपुरा, जिला मुरादाबाद

पंजीकृत अभियोगः-

मु0अ0सं0-142/2025 धारा-61(2)/308(6) बीएनएस

गिरफ्तार करने वाली टीमः-

उ0नि0 अमित चौधरी

हे0का0 चरण पाल थाना कटघर, मुरादाबाद।

2- थाना कांठ पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने में 02 व्यक्ति को हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 15-03-2025 को थाना भगतपुर पुलिस द्वारा संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा-170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में अभियुक्त 1-हर कुमार पुत्र जोत सिंह नि0 ग्राम मौहम्मदपुर भगवानदास थाना कांठ जनपद मुरादाबाद 2-हेमराज पुत्र लीला सिंह नि0 ग्राम मौहम्मदपुर भगवानदास थाना कांठ जनपद मुरादाबाद को हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय भेजा गया।

3-दिनांक 14.03.2025 को थाना कटघर क्षेत्रांतर्गत मौहल्ला मछुआपुरा गुलाब बाडी में एक व्यक्ति के पैर में गोली मारने तथा एक अन्य को मारपीट कर, घायल करने के आरोपी को थाना कटघर पुलिस ने किया गिरफ्तार। आरोपी के कब्जे से एक अवैध पिस्टल ,01 खोखा कारतूस व 05 जिंदा कारतूस किये बरामद।

अवगत कराना है कि दिनांक 14.03.2025 को थाना कटघर क्षेत्र के मोहल्ला मछुआपुरा में एक अभियुक्त द्वारा एक व्यक्ति पर जान से मारने की नियत से फायर कर पैर में गोली मारकर घायल करने की घटना को अन्जाम दिया था तथा एक अन्य को मारपीट कर घायल किया गया, जिसके सम्बन्ध में थाना कटघर पर मु0अ0सं0 146/2025 धारा 352/351(3)/109(1)/3(5) बीएनएस बनाम 1.अभिषेक उर्फ छोटू पुत्र सुरेन्द्र सिंह उर्फ ग्रीश सिंह, 2.भोलू पुत्र सुरेन्द्र सिंह उर्फ ग्रीश सिंह निवासीगण मछुआपुरा थाना कटघर जनपद मुरादाबाद पंजीकृत हुआ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,मुरादाबाद द्वारा घटना कारित करने वाले अभियुक्तगण की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु दिये गये निर्देशन में अनुपालन में तथा पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी कटघर के पर्यवेक्षण में थाना कटघर पर टीम गठित की गई। उक्त संबंध में विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त आज दिनांक 15.03.2025 को गठित टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त के मुख्य अभियुक्त

अभिषेक उर्फ छोटू पुत्र सुरेन्द्र सिंह उर्फ ग्रीश सिंह नि0 मौहल्ला मछुआपुरा थाना कटघर,मुरादाबाद को घटना में प्रयुक्त एक अवैध पिस्टल मय खोखा कारतूस व 05 जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया । उक्त संबंध में मुकदमा उपरोक्त में धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट की वृद्धि की गयी।

गिरफ्तार अभियुक्त-

अभिषेक उर्फ छोटू पुत्र सुरेन्द्र सिंह उर्फ ग्रीश सिंह नि0 मौहल्ला मछुआपुरा थाना कटघर,मुरादाबाद ।

बरामदगी-

घटना में प्रयुक्त एक अवैध पिस्टल(0.32 बोर) ,एक खोखा कारतूस मय 05 जिन्दा कारतूस

पंजीकृत अभियोग-

1.मु0अ0सं0 146/25 धारा 109(1), 3(5), 351(3), 352 बीएनएस व धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट

गिरफ्तार करने वाली टीम थाना कटघर -

1.उ0नि0 श्री अमित कुमार थाना कटघर,मुरादाबाद।
2.उ0नि0 श्री शान्तनु जावला थाना कटघर,मुरादाबाद।
3.हे0का0 चरन पाल थाना कटघर,मुरादाबाद।
4.का0 प्रशान्त कुमार थाना कटघर,मुरादाबाद।